


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 267 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 13 जुलाई 2025 | मूल्य 2 रुपया

## मौसमः कहीं बारिश तो कहीं इंतजार

**मंदसौर, 12 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मौसम विभाग ने शनिवार और रविवार को मंदसौर में बारिश का अलर्ट जारी किया हुआ है। यहां शनिवार को सूरज बादलों के बीच लुकाछिपी का खेल खेलता रहा। कभी धूप खिली तो कभी बादल छाए। इस दौरान शाम को बूंदाबांदी के रूप में बारिश भी हुई। हालांकि झमाझम बारिश का इंतजार मंदसौर में अधूरा रहा। इसके अलावा पिपलियामंडी सहित अन्य जगहों पर बारिश हुई। प्रदेश की बात करें तो प्रदेश में मानसून पूरी तरह से सक्रिय है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, झारखंड के आसपास बने कम दबाव के क्षेत्र और उत्तर प्रदेश से गुजर रही मानसून द्रोणिका (ट्रफ लाइन) के कारण यह मौसम प्रणाली सक्रिय हुई है। यह सिस्टम धीरे-धीरे पश्चिम की ओर बढ़ रहा है, जिससे आने वाले दिनों में पश्चिमी मप्र के कई जिले भी इसकी चपेट में आ सकते हैं। लगातार बारिश के कारण निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन सकती है। मौसम विभाग ने 12 और 13 जुलाई को पूर्वी मध्य प्रदेश में भारी बारिश की चेतावनी जारी की थी। वहीं भोपाल समेत नर्मदापुरम, होशंगाबाद और अन्य पश्चिमी जिलों में भी 13 व 14 जुलाई को तेज बारिश की संभावना जताई गई है।

# रेलवे: अभी से ही लंबी कतार..!

## बड़ा इंतजार, न नियमित टिकट न स्पेशल ट्रेन में जगह

**मंदसौर, 12 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** रक्षाबंधन के त्यौहार पर बहनों को मायके या भाइयों को अपनी बहन के घर जाने या अन्य शहरों में काम कर रहे लोगों को घर आने के लिए मशक्कत करना पड़ सकती है। ज्यादा खर्च कर बसों में परेशानी वाले सफर को चुनना पड़ सकता है। इसका कारण है ट्रेनों में लंबी वेटिंग। रक्षा बंधन में अभी करीब एक माह का समय है। लेकिन, ट्रेन में टिकट के लिए अभी से प्रतीक्षा सूची का सामना करना पड़ रहा है। नियमित ट्रेन तो दूर की बात, जो स्पेशल ट्रेने शुरू की है, उनमें भी आरक्षण के लिए परेशानी आ रही है। इतना ही नहीं, निजी बस संचालकों ने भी त्योहार के करीब की तारीख में टिकट बुक करने पर भाड़े में बढ़ोतरी कर दी है।

रेलवे के आईआरसीटीसी एप के अनुसार राखी के एक दिन पूर्व 08 अगस्त को अगर मुंबई से रतलाम के लिए राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन में थर्ड एसी के टिकट का प्रयास किया जाए तो 11 वेटिंग चल रही है। जबकि, राखी के दिन का टिकट लेने पर 20 सीट इसी श्रेणी में खाली है। 08 अगस्त को ही मुंबई - निजामुद्दीन दुरंतो ट्रेन में रतलाम के लिए 11, सामान्य दुरंतो ट्रेन में 08, अगस्त क्रांति एक्सप्रेस में 19, बांद्रा निजामुद्दीन गरीब रथ में 48 प्रतिक्षा सूची थर्ड एसी में है।

### इन ट्रेनो में टिकट ही नहीं...

वसई रोड से मुंबई के लिए इसी दिन की यशवंतपुर- जयपुर ट्रेन के स्लीपर क्लास में रतलाम के लिए टिकट ही उपलब्ध नहीं है। इसी प्रकार स्वराज एक्सप्रेस, मुंबई सेंट्रल-अमृतसर एक्सप्रेस, बांद्रा-गाजीपुर, अवंतिका एक्सप्रेस ट्रेन में जहां स्लीपर क्लास में टिकट उपलब्ध नहीं है। बांद्रा-कानपुर ट्रेन में 08 अगस्त को स्लीपर क्लास में 22, बांद्रा-अजमेर ट्रेन में 23, अवध एक्सप्रेस ट्रेन में 30 की प्रतिक्षा सूची मुंबई से है।

### पुणे से आने में परेशानी...

मंदसौर के अलावा रतलाम, झाबुआ, नीमच, इंदौर आदि क्षेत्र के करीब 10 हजार से अधिक बच्चे या तो पुणे में पढ़ रहे है या कामकाज कर रहे है। इनके लिए



रतलाम या इंदौर आने के लिए राखी के एक दिन पूर्व मात्र दो ट्रेन मौजूद है। इसमें से एक ट्रेन पूना से तो दूसरी सूरत से उपलब्ध होगी। पूना से चलने वाली ट्रेन में 05 अगस्त को 121, 08 अगस्त को 143 प्रतिक्षा स्लीपर में, थर्ड एसी में 07 अगस्त को 86, 08 अगस्त को 112, प्रथम श्रेणी वातानकूलित में 07 अगस्त को 5, 08 अगस्त को 09 वेटिंग का टिकट मौजूद है। सेकंड एसी का रतलाम व इंदौर के लिए टिकट ही उपलब्ध नहीं है। जबकि सूरत से चलने वाली ट्रेन साप्ताहिक है व सिर्फ 07 अगस्त को चलेगी। ट्रेन नंबर 09628 सूरत-अजमेर में इस दिन स्लीपर में 54, थर्ड एसी में 19, सैकंड एसी में 03 प्रतीक्षा का टिकट उपलब्ध है।

### इनका कहना...

यह सही है पर्व के दौरान ट्रेन टिकट समय पर जो नहीं ले पाते, बाद में उनको प्रतीक्षा सूची का टिकट मिलता है। अधिक प्रतीक्षा सूची होने पर अतिरिक्त कोच लगाकर प्रतीक्षा सूची के टिकट कंफर्म करने का पूरा प्रयास किया जाता है। इसके अलावा रेलवे स्पेशल ट्रेन चलाने की सूचना भी समय-समय पर जारी करती है।

**खेमराज मीणा, जनसंपर्क अधिकारी, रतलाम रेल मंडल**



# दलौदा जमीन विवाद: राजस्व विभाग की टीम ने की नपती

## भंडारी कॉलोनी में पाटीदार बंधुओ का 15 फीट अवैध कब्जा निकला

### तहसीलदार ने बनाया पंचनामा

**मंदसौर, 12 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार सुबह दलौदा भड़ारी कॉलोनी में राजस्व विभाग का दल नपती करने के लिए पहुंचा। इस दौरान विवाद की संभावना को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। नपती के दौरान मौके पर भगवती पाटीदार, विनोद पाटीदार का 15 फीट से अधिक अवैध कब्जा पाया गया। जिसे राजस्व विभाग की टीम ने चिन्हित किया। इससे पहले इसी जमीन पर बनाई गई दीवार को लेकर भगवती पाटीदार, विनोद पाटीदार, लोकेश पाटीदार सहित अन्य ने देवीलाल धनगर, राहुल और प्रदीप पर जानलेवा हमला किया था।। इसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया था।

भूमि सर्वे नंबर 124 के सीमांकन हेतु प्रतीक पिता अनिल भंडारी द्वारा आवेदन किया गया था। इस पर दलौदा तहसीलदार वंदना हरित के साथ आरआई विकास चौहान और पटवारियों की टीम मौके पर नपती करने के लिए पहुंची। दल द्वारा मौके पर अलग-अलग दिशा में तय पाईंट से नपती की। इसमें सर्वे नंबर 132 की नपती के दौरान तय बिंदू से पश्चिम की और 20 जरीफ यानि करीब 15 फीट अवैध कब्जा पाया गया। यहां विनोद और भगवती द्वारा दीवार का निर्माण जबरन दादागिरी से किया गया है। प्रतीक भंडारी ने दावा किया है कि ये दीवार उसके दादा जी द्वारा बनाई गई थी। राजस्व विभाग को चाहिए कि सीमांकन में जो 15 फीट अवैध कब्जा भगवती पाटीदार का चिन्हित हो चुका है, इसे तत्काल तोड़कर कब्जा लिया जाएं।

### पंचनामा में नक्शे की त्रुटि के संबंध में किया उल्लेख...

मौके पर भूमिस्वामी प्रतीक भंडारी द्वारा वर्ष 1973-74 का नक्शा प्रस्तुत किया गया। इसमें वर्तमान सर्वे नंबर 124 जो पूर्व में सर्वे नंबर 215 था। इसमें वर्तमान नक्शा कि सर्वे क्रमांक 124 त्रुटिपूर्ण कर दिया गया है। पुराने नक्शे के अनुसार सर्वे क्रमांक 215 का वर्तमान नक्शा मिलान किया गया। इसमें करीब 80 कड़ी की भिन्नता पाई गई है। इसके संबंध में आवेदक द्वारा 17 मई 1998 को किए गए सीमांकन पंचनामा की प्रतिलिपी प्रस्तुत की गई है। इस सीमांकन पंचनामा में 0.80 कड़ी की ओवरलेपिंग नक्शा में होना बताया गया है।

### आवेदन पर की गई नपती...

प्रतीक भंडारी द्वारा सर्वे नंबर 124 के सीमांकन हेतु आवेदन लगाया गया था। इसका सीमांकन विधिवत कर निशान लगाए है। 124 सर्वे नंबर के भूमिस्वामी द्वारा प्रस्तुत नक्शे में त्रुटि बताई गई है। इसकेसंबंध में विधिवत भूमि स्वामी सुधार हेतु आवेदन कर सकता है।

**वंदना हरित, तहसीलदार, दलौदा**

### सुरक्षा के लिहाज से तैनात थी पुलिस...

सर्वे नंबर 124 के सीमांकन राजस्व विभाग के दल द्वारा किया गया है। पूर्व में चूंकि जमीन को लेकर यहां 132 सर्वे नंबर के भूमि स्वामी के मध्य विवाद हुआ था। इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात था।

**कीर्ति बघेल**
**एसडीओपी मंदसौर ग्रामीण**

# पुलिस ने ढाई किलो से ज्यादा अफीम पकड़ी, तीन आरोपी गिरफ्तार



**गरोठ, 12 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान में 02 किलो 700 ग्राम अफीम के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

थाना प्रभारी हरीश मालवीय व सउनि बलवानसिंह देवड़ा को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति काले रंग की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल एमपी 44 जेड सी 8722 पर एक प्लास्टिक के सफेद थैले में अफीम छिपाकर मेलखेड़ा से गरोठ की ओर आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा वारनी फंटा पर नाकाबंदी की गई और दो आरोपियों योगेश पिता बापूलाल बलाई उम्र 26 वर्ष निवासी पानपुर नाहरगढ़ एवं रोडसिंह पिता भगवानसिंह सोंधिया राजपूत उम्र 70 वर्ष निवासी सुवासरा को रोककर तलाशी ली गई, जिनके पास से 02 किलो 700 ग्राम अफीम जप्त की गई। आरोपियों ने प्रारम्भिक पूछताछ में बताया कि उक्त अफीम राजु पिता गणेशराम बलाई निवासी महुआ, थाना सीतामऊको देना थी, जिसे बाद में गिरफ्तार किया गया। तीनों आरोपियों के विरुद्ध थाना गरोठ पर अपराध धारा 8/18, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना गरोठ के निरीक्षक हरीश मालवीय, सउनि बलवानसिंह देवड़ा सहित पुलिस टीम के आरक्षक नरेन्द्र सिंह, वकील दायमा, राहुल पानीवाल, मनोहर धनगर, शैतान कछावा एवं संजय बम्बोरिया का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु अभियान लगातार जारी है।



# धानमंडी में दुकानों के ताले टूटे, घंटाघर से टाटा मैजिक चोरी

## शहर कोतवाली के पास दो अलग-अलग घटनाओं से हड़कंप

**मंदसौर, 12 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र में बीती रात चोरों ने दो स्थानों पर वारदातों को अंजाम दिया। पहली घटना धानमंडी क्षेत्र की है, जहां किराना दुकान के ताले चटकाकर चोरी का प्रयास किया गया। जानकारी के अनुसार, अज्ञात चोरों ने तीन दुकानों को निशाना बनाया।

वहीं दूसरी घटना घंटाघर क्षेत्र की है, जहां बक्षी धर्मशाला के पास खड़ी एक टाटा मैजिक वाहन चोरी हो गई। वाहन मालिक सुरेश राठौड़ ने बताया कि वह पिछले 10 वर्षों र्से अपनी मैजिक (टाटा गाड़ी) घंटाघर के पास ही खड़ी करता आया है। लेकिन, शुक्रवार रात वाहन चोरी हो गया। दोनों घटनाएं कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आती हैं और चौंकाने वाली बात यह है कि ये घटनाएं थाना परिसर से महज कुछ दूरी पर हुई, जिससे आमजन में असुरक्षा की भावना बढ़ी है। पुलिस ने मौके का मुआयना कर जांच शुरू कर दी है। वहीं व्यापारियों और आमजन ने रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### बाड़े की खोखली जमीन में मिला कोबरा का जखीरा...

## 60 नाग मिले, रेस्क्यू कर पकड़ा

**मंदसौर, 12 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। जिले के गांव साबाखेड़ा से एक वीडियो सामने आया है। जिसमें बड़ी तादाद में कोबरा सांप नजर आ रहे हैं। मामला शुक्रवार रात गोपाल दायमा के कुएं के पास स्थित बाड़े का है। जैसे ही गोपाल ने बाड़े की खोखली हो चुकी जमीन से निकलते सांपों को देखा, उन्होंने तत्काल स्थानीय सांप रेस्क्यू एक्सपर्ट दुर्गेश पिता घीसालाल पाटीदार को सूचना दी। दुर्गेश मौके पर पहुंचे और कोबरा के 60 बच्चों को सावधानीपूर्वक पकड़ कर डिब्बे में डाला। इसके बाद सभी सांपों को जंगल में सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया।**

स्थानीय लोगों और विशेषज्ञों के मुताबिक यह मौसम कोबरा सांपों का प्रजनन काल है और ऐसी घटनाएं बरसात के मौसम में आम होती हैं। इसलिए ग्रामीणों को सतर्क रहने की जरूरत है।फॉरेस्ट अधिकारी संजय



रायखेरे ने बताया कि फिलहाल उन्हें बाड़े से निकले कोबरा के बारे में जानकारी नहीं है। लेकिन बरसात के मौसम में फीमेल कोबरा 20 से 40 अंडे देती हैं, जैसे ही बच्चे अंडे से बाहर निकलते हैं, फीमेल उन्हें छोड़कर चली जाती है। जिसके बाद यह खुद ही सर्वाइव करते हैं।

# मल्टी मर्डर मिस्ट्री: कैमरे में कैद संदिग्ध युवक

## लीलादेवी हत्याकांड में बड़ा खुलासा होने की सम्भावना



**नीमच, 12 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।शहर के मध्य बंसल चौराहा के पास स्थित एक आलिशान मल्टी में घटित लीलादेवी हत्याकांड ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है। इस सनसनीखेज मामले में अब एक बड़ा सुराग हाथ लगा है। मल्टी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। जिनमें एक संदिग्ध युवक की गतिविधियां कई सवाल खड़े कर रही हैं।**



वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा युवक मास्क पहने हुए है और बार-बार मोबाइल फोन पर बात करता नजर आ रहा है। वह कभी लिफ्ट के पास लगे दरवाजे के कौने में छिपता हुआ दिखता है, तो कभी मोबाइल में व्यस्त दिखाई देता है। फुटेज के मुताबिक, यह संदिग्ध दोपहर और फिर देर शाम के समय मल्टी परिसर में आता-जाता देखा गया है। उसकी गतिविधियां सामान्य न होकर काफी रहस्यमयी प्रतीत हो रही हैं, जिससे पुलिस को शक है कि उसका संबंध लीलादेवी की हत्या से हो सकता है। बता दे कि यह दिल दहला देने वाली वारदात शुक्रवार शाम की है।

लीलादेवी गोयल के पति गिरधारीलाल गोयल मंदिर से शाम लगभग 8 से 9 बजे के बीच जब वापस अपने फ्लैट पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि उनकी पत्नी पलंग पर बेसुध अवस्था में पड़ी हैं। उनके सिर और गले पर गहरे चोट के निशान थे और खून बह रहा था। यह दृश्य देख वे घबरा गए और तुरंत आस-पड़ोस के लोगों को सूचित किया। घटना की जानकारी मिलते ही कैंट थाना प्रभारी पुष्पा सिंह चौहान पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कप्तान अंकित जायसवाल और एएसपी नवलसिंह सिसौदिया भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मौके से साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए। फिलहाल पुलिस हर संभावित पहलू से इस हत्या की जांच कर रही है। संदिग्ध युवक की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और तकनीकी टीम उसकी कॉल डिटेल और मोबाइल लोकेशन की भी जांच कर रही है। माना जा रहा है कि उक्त युवक हत्या के समय या उसके पहले मल्टी में मौजूद था और लगातार फोन पर किसी से संपर्क में था। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही यह रहस्य उजागर होगा और लीलादेवी हत्याकांड के पीछे की साजिश सामने आ जाएगी। नीमच जैसे शांत शहर में हुई इस जघन्य वारदात से आमजन में दहशत का माहौल है। वहीं, लोग भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो को लेकर चर्चाओं में व्यस्त हैं।

# सावन के दूसरे दिन ही खुल गई नॉनवेज की दुकानें




**मंदसौर, 12 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नगर पालिका मंदसौर द्वारा आदेश जारी कर श्रावण मास के दौरान 11 जुलाई से श्री पशुपतिनाथ मंदिर पहुंच मार्ग पर स्थित नॉनवेज दुकाने 09 अगस्त रक्षाबंधन तक बंद रखने के निर्देश जारी किये थे। शुक्रवार 11 जुलाई को तो दुकाने बंद रही। लेकिन, 12 जुलाई को सभी दुकाने खुल गई।

बता दे कि शनिवार, रविवार, सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालू इन मार्गो से पैदल या वाहनों द्वारा श्री पशुपतिनाथ मंदिर दर्शनों के लिये जाते हैं। उल्लेखनीय हैं कि आमजन की मांग पर धार्मिक नगरी घोषित मंदसौर शहर में श्रावण की शुरुआत से रक्षाबंधन तक पशुपतिनाथ मंदिर मार्ग पर स्थित मांस और अंडे की दुकाने बंद रखने का आदेश जारी किया गया था। आदेश में कहा गया था कि श्री पशुपतिनाथ मंदिर पहुंच मार्ग और वीर सावरकर पुलिया व उसके आसपास लगने वाली मछली, मटन, चिकन और अंडा विक्रेताओं तथा दुकान संचालको को सूचित किया गया हैं कि 11 जुलाई शुक्रवार से 09 अगस्त रक्षाबंधन तक क्षेत्र में स्थित सभी नॉनवेज दुकाने, होटल, मार्केट बंद रहेंगे। लेकिन, इस आदेश का पालन केवल एक दिन ही किया गया। जबकि, शनिवार को दुकाने फिर से खुल गई।

# राखी पर भद्रा का साया नहीं, पूरे दिन बांध सकेंगे राखी

**मंदसौर, 12 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का पर्व रक्षाबंधन का त्यौहार श्रावण पूर्णिमा 09 अगस्त को मनाया जाएगा। इस बार पिछले साल की तरह इस दिन भद्रा का कोई साया नहीं होगा और पूरे दिन लोग इस पर्व को प्रेम व स्नेह के साथ मना सकेंगे। आकाशमंडल के तारों के फेरबदल के चलते 23 साल बाद ऐसा योग बन रहा है, जब राखी पर भद्रा का साया नहीं रहेगा।

श्रावण माह की पूर्णिमा वैसे तो 08 अगस्त की दोपहर को लगेगी, लेकिन रक्षाबंधन का त्यौहार 09 अगस्त को मनेगा। इसकी वजह सूर्य उदय के समय पूर्णिमा 09 अगस्त को रहेगी। 08 अगस्त को भ्रदा लगेगी तो सही, लेकिन इसका वास पाताल में होने से पृथ्वी पर इसका असर नहीं होगा। राखी बांधने का कुल मुहूर्त 7 घंटे 49 मिनट का रहेगा। ज्योतिषाचार्यों और पंडितों के अनुसार भाइयों और बहनों के बीच पवित्र बंधन का उत्सव मनाने वाले सबसे प्रिय हिंदू त्योहारों में से एक रक्षा बंधन शनिवार 09 अगस्त को मनाया जाएगा। इस साल राखी बांधने का शुभ समय या मुहूर्त सुबह 5:48 बजे से दोपहर 1:24 बजे तक है। पूर्णिमा तिथि 08 अगस्त को दोपहर 02 बजकर 12 मिनट पर लगेगी, इसका समापन 09 अगस्त को दोपहर 01



बजकर 26 मिनट पर होगा। उदया तिथि के मान से राखी का पर्व 09 अगस्त को ही मनाया जाएगा। भद्रा का समापन 8-9 अगस्त की मध्य रात्रि 01 बजे बाद समाप्त हो जाएगा। वैसे भी भद्रा का वास पाताल में होने से मान्य नहीं रहेगी।

### क्या है भद्रा..?

भद्रा सूर्य देव की पुत्री और शनि देव की बहन है। यह एक अशुभ समय माना जाता है, जिसमें कोई भी शुभ कार्य करना वर्जित है। भद्रा का वास तीनों लोकों में होता है और जब यह पृथ्वी लोक में होती है, तो इसे अशुभ माना जाता है। हरीहर धाम के पंडित सुनील शुकल ने बताया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार, भद्रा काल में सूर्पणखा ने रावण को राखी बांधी थी। जिसके कारण रावण का विनाश हो गया था। इसलिए, भद्रा काल में राखी बांधना शुभ नहीं माना जाता है। भद्रा काल 08 अगस्त को दोपहर 02:12 बजे से शुरू होगा और 09 अगस्त को 01:52 बजे समाप्त होगा। इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा का साया रहेगा। लेकिन, चंद्रमा के मकर राशि में होने के कारण भद्रा का वास पाताल लोक में होगा, जिससे इसका धरती पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### यह है विशेष मुहूर्त...

इस बार रक्षाबंधन पर शोभन व बुधादित्य योग बन रहा है। राखी बांधने के लिए सुबह 07 बजकर 41 मिनट से 09 बजकर 19 मिनट पर, अभिजीत मुहर्त में दोपहर 12 बजकर 09 मिनट से 01 बजकर 01 मिनट तक, चल, लाभ व अमृत का दोपहर 12 बजकर 35 मिनट से 5 बजकर 29 मिनट तक मुहर्त रहेगा। सोभाग्य, शोभन व बुधादित्य योग सभी प्रकार के शुभ कार्य के लिए बेहतर रहता है।

## नीमच के जनपद सीईओ खान को मनासा जनपद सीईओ का दायित्व

**नीमच, 12 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने जनपद पंचायत नीमच के सीईओ श्री आरिफ खान को जनपद पंचायत मनासा के जनपद सीईओ का अतिरिक्त दायित्व सोंपा है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अमन वैष्णव द्वारा इस संबंध में जारी आदेश अनुसार जि.प.नीमच के अतिरिक्त सीईओ एवं जनपद पंचायत मनासा के सीईओ श्री अरविंद डामोर का शासन द्वारा नीमच से सिंगरौली स्थानांतरण कर दिया गया है। जिला पंचायत सीईओ द्वारा श्री डामोर को सिंगरौली जिले के लिए कार्य मुक्त कर दिया गया है। अत: जनपद पंचायत मनासा के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार नीमच जनपद के सीईओ श्री आरिफ खान को सोंपा गया है।

## दो पक्षों में मारपीट, छः पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 12 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने छह लोगों पर क्रास प्रकरण दर्ज किया। हरमाला निवासी बबलू पिता मोहनसिंह पंवार ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं भाई राहुल के साथ जेसीबी से डेम के रास्ते का भराव कर रहा था। वापस आते समय रामचन्द्र पिता भवानीराम, लोकेश पिता रामचन्द्र, लाला उर्फ लालसिंह पिता रामचन्द्र, विक्रम पिता रामचन्द्र ने रास्ता रोका और बोला कि रास्ते का भराव क्यों किया। चारों ने मारपीट की। लोकेश ने कुल्हाडी के उल्टे हत्थे से मारी, जिससे चोंट आई व दांतों से भी हाथ पर काट लिया। पुलिस ने चारों आरोपियों पर केस दर्ज किया। इसी तरह रामचन्द्र ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बबलू व राहुल डेम के पास जेसीबी चलाकर गहरा कर रहे थे, मना किया तो दोनों ने मिलकर लोकेश के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने आई अवंतिबाई के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**पिपलियामंडी, 12 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** महू-नीमच हाइवे पर रोड के राजा के पास शनिवार शाम गौवंश से टकराकर बाइक सवार युवक घायल हो गया। शाम पौने 8 बजे करीब हादसा हुआ। बाइक सवार सीतापुर (सवाई माधोपुर) हाल मुकाम नीमच बबलेश (19) पिता प्रीतम बंजारा गौवंश आगे आने से टकराकर गिर गया। सूचना पर टोल प्लाजा पैरामेडीकल टीम के जुझारसिंह शक्तावत, मुकेश मालवीय मौके पहुंचे, घायल को पिपलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भर्ती कराया।

## नपा स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 12 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नगरपालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के निर्देशानुसार स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई ,जिसमें सभापति श्रीमती दीपमाला रामेश्वर मकवाना एवं समिति सदस्य श्री आशीष गौड़,श्रीमती भारती पाटीदार ,श्रीमती सुनीता गुजरिया के द्वारा प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री हेमचंद शर्मा शाखा व शाखा लिपिक की उपस्थिति में नगर के सफाई कार्यो, वर्षा ऋतु की तैयारियों की समीक्षा, स्वच्छ भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कार्य योजना के संबंध में चर्चा की गई साथ ही निराश्रित पशुओं की समस्या के निराकरण एवं आवारा श्वानों के नियंत्रण हेतु नसबंदी एवं टीकाकरण कार्य के लिए शीघ्र ही निविदा जारी करने हेतु निर्णय लिए गयें।

## जिले में अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

**मंदसौर, 12 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल द्वारा बताया गया कि आगामी वर्षाकाल एवं बाढ को दृष्टिगत रखते हुए अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह कक्ष सुशासन भवन नवीन कलेक्टोरेट, कार्यालय कक्ष क्रमांक 118 मंदसौर में बनाया गया है। जिसका दूरभाष नंबर 07422-235113 है, कार्यालय में यह 24 घण्टे चालु रहेगा। कक्ष के प्रभारी अधीक्षक भू अभिलेख श्री लालचंद शेरपुरिया।

# प्राचीन काल में भारत ज्ञान और संस्कृति का प्रमुख केंद्र था-तिरोले

## मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने हतुनिया में आयोजित किया गुरूवंदन कार्यक्रम

**मंदसौर, 12 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से सम्बद्ध मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा मंदसौर द्वारा गुरुवन्दन कार्यक्रम ब्लॉक गरोठ के शासकीय उच्तत्तर माध्यमिक विद्यालय पीएमश्री हतुनिया में मनाया गया।




कार्यक्रम संगठन गीत के साथ प्रारंभ होकर माँ भारती, माँ सरस्वती और महर्षि वेदव्यास जी की वैदिक मंत्रोच्चारण और दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना के साथ गतिमान हुआ। मंचासीन अतिथि प्रांतीय संगठन मंत्री परम श्रद्धेय हिम्मतसिंह जैन, प्रांतीय सह संगठन मंत्री श्री हीरालाल तिरोले, प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्री विनोद कुमार पुनी, जिला संगठन मंत्री मोतीलाल फरक्या, जिला अध्यक्ष विक्रम शर्मा प्रथम व द्वितीय पंक्ति में विराजित अतिथि प्रांतीय शिक्षक सम्मान प्रकोष्ठ प्रमुख श्री अखिलेश मेहता, प्रांतीय मीडिया सह प्रभारी रामचंद्र लोहार, संभागीय अध्यक्ष शंकरलाल आँजना, संभागीय कार्यकारिणी सदस्य पंकज गेहलोत,जिला महिला प्रकोष्ठ प्रमुख श्रीमती अर्चना मालवीय, नीमच जिला सचिव जगदीश बारीवाल व कोषाध्यक्ष बलवंतसिंह हाड़ा जिला उपाध्यक्ष मनीष बैरागी,गणपतलाल राठौर व सभी ब्लॉक अध्यक्ष रघुवीरसिंह सिसोदिया, श्री बलवंत लोहार,बाबूलाल जैन, भानुप्रतापसिंह चौहान का स्वागत के साथ उपस्थित जनसमूह ने महर्षि वेदव्यास तथा अपने-अपने गुरुओं के प्रति श्रद्धा अर्पित की। मुख्य अतिथि प्रांतीय सह संगठन मंत्री परम आदरणीय श्री हीरालाल तिरोले ने अपने उद्बोधन में गुरु के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि गुरु ही जीवन के मार्गदर्शक होते हैं, जो अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं। आपने पंचपरिवर्तन की बात कही। आपने माँ भारती के लिए सर्वोच्च न्योछावर की बात कही। आपने कहा भारत में ज्ञान की समृद्ध परंपरा रही है, और यह सच है कि प्राचीन काल में भारत ज्ञान और संस्कृति का एक प्रमुख केंद्र था। प्राचीन भारत को विश्व गुरु कहा जाता था क्योंकि यहाँ की शिक्षा, संस्कृति, और दर्शन का प्रभाव पूरे विश्व में था। नालंदा और तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालयों में दुनिया भर से छात्र पढ़ने आते थे। भारत में विश्व गुरु बनने की क्षमता है, लेकिन इसके लिए अपनी संस्कृति, ज्ञान, और विज्ञान को मजबूत करना होगा। प्रांतीय संगठन मंत्री श्री हिम्मतसिंह जैन अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक के पद की गरिमा, मर्यादा और शिक्षक सम्मान पर अपने विचार उदाहरण व कहानी के माध्यम से रखे। आज फिर से भारत को विश्व गुरु, नवाचार और ज्ञान का केंद्र बनाने का आह्वान किया। आपने कहा कि एक समय था जब भारत को विश्व गुरु के रूप में जाना जाता था और दूर देशों के छात्र यहां पर शिक्षाग्रहण करने के लिए आते थे, इसलिए हमें अपने अतीत के गौरव को फिर से प्राप्त करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाना चाहिए। प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्री विनोद कुमार पुनी ने कहा गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता को बताया और विद्यार्थियों से जीवन में सदैव गुरु के आदर्शों का पालन करने की प्रेरणा दी। जिलाध्यक्ष श्री विक्रम शर्मा ने अध्यक्षीय उद्बोधन के साथ ही कार्यक्रम की सफलता हेतु सभी का आभार व्यक्त किया। कल्याण मंत्र जिला कोषाध्यक्ष कांतिलाल राठौर एवं संचालन जिला सचिव भरतलाल पोपण्डिया के द्वारा किया गया। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के गुरुछाया प्रकल्प के अनुसार वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत एक पेड माँ के नाम सभी अतिथियों द्वारा लगाया गया जिसके देखरेख की जिम्मेदारी गरोठ ब्लॉक सचिव मुकेश कुमार धाकड ने ली। इस अवसर पर जिले के सभी ब्लॉक, तहसील मन्दसौर, गरोठ, शामगढ भानपुरा अध्यक्ष शिवनारायण मंडवारिया, त्रिलोकचंद जंगरिया, दुर्गेश शर्मा, दयाराम धाकड व सभी इकाई के दायित्ववान पदाधिकारियों, शिक्षक बंधु एवं मातृशक्ति भगिनी की उपस्थिति रही। साथ ही गरोठ, शामगढ, भानपुरा के सभी दायित्व वान पदाधिकारियों के उत्कृष्टसहयोग से कार्यक्रम सफल रहा।



# प्रतियोगी परीक्षा एवं युवा कौशल पर व्याख्यान सम्पन्न

**मंदसौर, 12 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डा.सुधीर रायजादा ने बताया कि विश्व उम्मीद दिवस पर स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षा एवं युवा कौशल विषय पर एक विशिष्टव्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि एवं वक्ता डा.ज्योतिस्वरूप दुबे प्राचार्य, प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,मंदसौर थे। आपने अपने उद्बोधन में प्रादेशिक स्तर और राष्ट्रीय स्तर की अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी संकायवार दी। आपने बताया कि कैसे असफलताओ से सीख लेकर कोई भी व्यक्ति सफल बन सकता है। संकल्प शक्ति, आत्मविश्वास, समर्पणभाव, अनुशासन, कठिन परिश्रम, ही सफलता की कुंजी है। निरंतर प्रयास ही हमें प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिला सकता है। आपने बताया कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा को चंद महिनों की पढाई अकेले सफलता नहीं दिला सकती। जब तक प्रश्न से उत्तर की संगति नहीं होगी तब तक आप किसी प्रतियोगी परीक्षा को उत्तीर्ण नहीं कर सकते। आपको अपने स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम को भी पूरी लगन से अध्ययन करें। आपने अपने जीवन के कई उदाहरणों से विद्यार्थियों को प्रेरित किया। अप दीपो भव: का संदेश देते हुए स्वजागरण का मूलमंत्र विद्यार्थियों को दिया। महाविद्यालय मे प्रवेश पश्चात् कक्षाओं में नियमित रूप से आना। एक एथलिट की तरह गेट सेट गो क मंत्र अपना पूर्ण तैयारी के साथ परीक्षाओ में सम्मिलित हो। अपने शिक्षकों के द्वारा दिये व्याख्यानों को नोटस के रूप में परिवर्तित करना और उसे अध्ययन का एक सही तरीका है। आपने युवाओं में कौशल विकास के लिए कहा कि यदि व्यक्ति के पास स्वयं का कोई कौशल होता है तो धन का अर्जन तो कर ही लेता है साथ ही अपनी महत्ता समाज में कार्यरत संस्थान में बना लेता है। कौशल विकास के इस युग में कौशल एक ऐसा शस्त्र है, जिससे सफलता का किला भेदा जा सकता हैं। स्वागत भाषण एवं विषय प्रवर्तन प्राचार्य डा.सुधीर रायजादा ने करते हुए कहा कि हमारे भीतर प्रतिस्पर्धा की भावना हमेशा होनी चाहिए क्योंकियही भावना हमें भीड से आगे रहना सिखाती है। अपनी क्षमताओं को पहचानना और उसके अनुरूप अपना कॅरियर का चयन करना आवश्यक है। साथ ही आपने कहा कि सही मार्गदर्शन और विषय विशेषज्ञ से जानकारी लेना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का शुभांरभ माँ सरस्वतीजी एवं स्वामी विवेकानंदजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम का संचालन डा.अंजली जैन ने किया एवं आभार डा.स्मिता मण्डलोई ने माना। इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टाफ एवं बडी संख्या में छात्रायें उपस्थित रही।

# ई-केवायसी कराने के बाद 20 लाख नये हितग्राहियों को पात्रता पर्ची जारी करने विंडो ओपन-खाद्य मंत्री

**मंदसौर, 12 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत सभी पात्र हितग्राहियों की पहचान सुनिश्चित करने के लिये ई-केवायसी करवाई जा रही है। गत 5 माह में एक करोड़ से अधिक हितग्राहियों की ई-केवायसी कराई जा चुकी है और अब लगभग 20 लाख नवीन पात्र हितग्राहियों को पात्रता पर्ची दी जा सकेगी। इन नवीन हितग्राहियों को पात्रता पर्ची जारी करने के लिये विंडो ओपन किया जा रहा है।

आयुक्त खाद्य श्री कर्मवीर शर्मा ने जानकारी दी है कि प्रदेश की लगभग 27 हजार उचित मूल्यय दुकानों पर लगाई गई पीओएस मशीन से पात्र हितग्राहियों के ई-केवायसी करने की व्यीवस्था के अतिरिक्ता वृद्ध, बच्चोंप के तथा हितग्राही द्वारा घर बैठे ई-केवायसी करने की सुविधा भारत सरकार के मेरा ई-केवायसी एप से फेस एथेंटिकेशन द्वारा करने की सुविधा दी गई है। सभी हितग्राहियों को ई-केवायसी कराने के लिये प्रतिमाह 2 से 3 बार ड्यडकिए गए। उचित मूल्य दुकानो पर इस संबंध में सूचना प्रदर्शित की गई। समाचार पत्रो में ई-केवायसी कराने के लिये समाचार प्रकाशित कराए गए।

**ई-केवायसी करने विशेष अभियान चलाया गया**-ई-केवायसी करने विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत ई-केवायसी से शेष हितग्राहियों की सूची स्था नीय निकाय, खाद्य विभाग एवं जिला प्रशासन को उपलब्धन कराई गई। ग्राम एवं मोहल्लेई में कैम्पे लगाए गए। दिव्यांथग/वृद्ध की घर-घर जाकर ई-केवायसी की गई। कैम्पर में उचित मूल्यध दुकान के विक्रेता एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग/ नगरीय निकाय के अमले को लगाया गया। हितग्राही के ग्राम में ही पीओएस मशीन के माध्यईम से ई-केवायसी किए गए। वर्तमान में सम्मिलित हितग्राहियों में से मृत/अस्तित्वेहीन/दोहरे/अपात्र पाए जाने वाले हितग्राहियों का चिन्हांमकन किया गया। जिन पात्र हितग्राहियों के आधार डाटा अपग्रेड नहीं थे, उनको केम्पप में भेजकर अपग्रेड कराया गया। अभियान की लगातार मॉनिटरिंग की गई। विभाग द्वारा ई-केवायसी के लिये किए गए इन प्रयासों के फलस्वारूप विगत 5 माह में 1 करोड़ से अधिक पात्र हितग्राहियों के ई-केवायसी कराए गए। अभी तक 90 प्रतिशत हितग्राहियों के ई-केवायसी किए जा चुके है। कुल पात्र हितग्राही 5 करोड 32 लाख हैं। खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत 29 श्रेणी के 20 लाख नवीन पात्र हितग्राहियों को जोड़ने हेतु कुशन प्राप्तड हो सका है। ई-केवायसी होने पर ड्यअठढ-झउड अंतर्गत पात्र परिवारों को राशन का वितरण करने में सुविधा होगी।



# रठाना और बिलात्री विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण

**मंदसौर, 12 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सहायक संचालक एवं मंदसौर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री आनंद डाबर द्वारा 12 जुलाई को शाउमावि रठाना एवं शा. हाईस्कूल बिलांत्री का आकस्मिक निरीक्षण एवं कक्षाओं में कराये जा रहे अध्यापन का अकादमिक अवलोकन किया शाला संचालक एवं छात्रों की उपस्थिति संतोषजनक पाई गई। साथ में श्री राकेश पुरोहित रहे। श्री डाबर ने कक्षा 12 में शत प्रतिशत एवं कक्षा 10वीं में 92 प्रतिशत परीक्षा परिणाम हेतु स्टाफ को बधाई दी। व सभी कक्षाओं का नियमित संचालन की एवं विद्यालय के टीम वर्क की सराहना की।

इस अवसर पर दोनों शालाओं में एक पेड मां के नाम योजनान्तर्गत पौधरोपण भी किया गया। प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय का संचालन व्यवस्थित रूप से करने के निर्देश दिये इसी प्रकार शैक्षिक डायरी एवं दैनंदिनी का संधारण करने नामांकन शत प्रतिशत करने के बारे में अवगत कराया। स्टाफ से भी चर्चा की गई तथा अच्छे परीक्षा परिणाम हेतु सभी को बधाई दी। श्री डावर द्वारा प्रत्येक शिक्षक को नवाचार करने एवं बेहतर तथा गुणवत्ता पूर्ण परिक्षा परिणाम की अपेक्षा की तथा कक्षाओं में छात्रों से पुस्तके प्राप्त के बारे में तथा उन्हें पढ़ाये जा रहे विषय के बारे में उनसे चर्चा की।

# नशा एक सामाजिक बुराई है इससे दुर रहना है- पं.तिवारी

**मंदसौर, 12 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय थडौद मे नशामुक्त समाज पर श्री श्री मां शक्ति संस्थान ने छात्रों के बीच कार्यशाला का आयोजन हूआ। संस्था के संस्थापक पंडित गोपाल तिवारी ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की अपने क्षेत्र मे गैर कानूनी धंधा करने वालों तथा अपराध



व अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए आमजन का सहयोग जरूरी है। श्री तिवारी ने कहा की नशा एक सामाजिक बुराई है और अपराधों की जड है इसलिए इस बुराई को समाज से मिटाने के लिए सभी लोगों को आगे आना होगा, ताकि नशा मुक्त व अपराध मुक्त समाज की स्थापना हो सकें।

इस अवसर पर प्रधान अध्यापिका स्नेहलता पाटीदार ने कहा की लोगों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर पूरी निगाहें रखें और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। श्री श्री मॉ शक्ति संस्थान सचिव राधिका तिवारी ने युवाओं से भी आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद व अन्य सामाजिक गतिविधियों से जुडकर अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करे, एक पेड मां के नाम पौधारोपण करे, अपने देश व प्रदेश का नाम रोशन करें। ईजीएस शाला मे कार्यक्रम का संचालन रचना गोयल ने किया आभार आशा सोनी ने माना। इस अवसर पर धमेन्द्र सिंह, बद्रीलाल पाटीदार, जयपाल सिंह आदि मौजूद थे।

## लम्पी वायरस के कारण पशुओ का विशेष ध्यान रखे-श्रीमती गुर्जर

**मंदसौर, 12 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, स्वास्थ समिति की सभापति श्रीमती दिपमाला रामेश्वर मकवाना ने बताया कि इन दिनो लम्पी वायरस बिमारी का प्रकोप फैला हुआ है, जिसके कारणा गौवंश बीमार हो रहे है। नपा परिषद मंदसौर नगर व जिले के समस्त गौपालको से निवेदन करती है कि वे अपने गौवंश को घर या बाडे में ही रखे उसे अनावश्यक रूप से बाहर नही छोडे। नपाध्यक्षा श्रीमती गुर्जर ने सीमएओ श्रीमती अनिता चकोटिया एवं सभापति श्रीमती मकवाना के साथ मेघदूत नगर स्थित निर्माणाधीन ऑडीटोरियम को देखा तथा बिमार गौवंश जो लम्पी वायरस की बिमारी से पीडितत है वहा उनके रखने की व्यवस्था देखी।

# कुपोषण उन्मूलन में मिले बेहतर परिणाम-प्रभारी मंत्री

**मंदसौर, 12 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** गुजरात के केवड़िया में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित जोनल सम्मेलन में महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने राज्य में चल रहे योजनाओं, नवाचारों और ज़मीनी पहल का प्रभावशाली विवरण प्रस्तुत किया। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि मध्यप्रदेश, अपनी जनजातीय बहुलता और भौगोलिक विविधता के बावजूद, महिलाओं और बच्चों के संपूर्ण सशक्तिकरण के लिये निरंतर प्रयासरत है।



**डिजिटल पारदर्शिता और नियुक्ति प्रणाली में सुधार:**-मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की ऑनलाइन नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गई है, जिससे लगभग 19,500 पदों की पारदर्शी तरीके से पूर्ति हो रही है। यह प्रक्रिया हर छह माह में रिक्तियों के अनुसार नियमित रूप से संचालित की जाएगी।

**पोषण सुधार और तकनीकी नवाचार:**-महिला बाल विकास मंत्री सुश्री भूरिया ने बताया कि AIIMS भोपाल के सहयोग से पोषण ट्रैकर डेटा की गुणवत्ता में सुधार किया गया है।कार्यकर्ताओं के लिए नेत्र परीक्षण अभियान भी चलाया जा रहा है जिससे स्मार्टफोन आधारित ऐप संचालन में उन्हें सुविधा मिले।उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि झाबुआ जिले में मोटी आई कार्यक्रम और डिण्डौरी जिले में रेवा प्रोजेक्ट जैसे नवाचारों के माध्यम से कुपोषण उन्मूलन में अद्भुत परिणाम मिल रहे हैं।

**बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु प्रशिक्षण:**-सशक्त वाहिनी कार्यक्रम के तहत अब तक 11,000 से अधिक बालिकाओं को नि:शुल्क शारीरिक और शैक्षणिक प्रशिक्षण दिया गया है। कई बालिकाएं आज पुलिस, चिकित्सा एवं अन्य सेवाओं में चयनित होकर सेवा दे रही हैं।

**महिला सुरक्षा और सहायता सेवाओं का विस्तार:**-हेल्पलाइन 181 और 1098 का ERSS-112 से तकनीकी एकीकरण जुलाई 2024 में सफलतापूर्वक किया गया।विगत छह महीनों में 86,000 से अधिक मामलों में 91% से अधिक का समाधान हुआ है।शक्ति निवास के माध्यम से कार्यरत महिलाओं को सुरक्षित आवास की सुविधा दी जा रही है। इंदौर में 100-बेड का नया शक्ति निवास तैयार है, प्रदेश के चार और शहरों में निर्माण जारी है।

**महिलाओं की आर्थिक उन्नति के लिये योजनाएं:**-मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत हर माह 1.27 करोड महिलाओं को 1250 की आर्थिक सहायता दी जा रही है। अब तक ?38,000 करोड से अधिक राशि वितरित की जा चुकी है। अटल पेंशन योजना से जोड़ने के लिए राज्य स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

**बाल संरक्षण की दिशा में ठोस कदम**-मिशन वात्सल्य के अंतर्गत चार बडे जिलों में कंपोजिट शेल्टर होम का निर्माण कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के तहत गरीब परिवारों के बच्चों को 4000 प्रति माह की सहायता और आफ्टर केयर बच्चों को 5000 की अतिरिक्त सहायता दी जा रही है।

**केंद्रीय योजनाओं को मजबूत बनाने के लिये सुझाव:**-मंत्री सुश्री भूरिया ने केन्द्र सरकार के समक्ष योजनाओं को और प्रभावशाली बनाने के लिये सुझाव भी रखे। उन्होंने कहा की दरों को CPI के अनुसार संशोधित करने, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में वृद्धि, 2019-20 से लंबित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की बहाली, प्री-स्कूल शिक्षा सामग्री में वृद्धि और जादुईपिटारा जैसी पहल, PMMVY योजना में द्वितीय गर्भावस्था पर भी मातृत्व सहायता, शक्ति सदन एवं सखी केंद्रों के कर्मचारियों के वेतन में संशोधन, स्पॉन्सरशिप योजना में बजट वृद्धि, आफ्टर केयर लाभार्थियों की सहायता राशि में बढ़ोतरी आदि प्रमुख मुद्दे शामिल थे।

# तीज त्योहारों पर लगने वाले फ्लेक्स व पोस्टरों पर भगवान के चित्र न लगाए

**मंदसौर, 12 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** गुरु पूर्णिमा से ही सनातनी धर्म और लंबियों के तीज त्यौहार शुरू हो जाते हैं जहां सावन माह की शुरुआत होती है तो उसी के अंतर्गत हरियाली अमावस, फिर रक्षाबंधन ,जन्माष्टमी, गणपति उत्सव, अनंत चौदस सहित कई तीज त्यौहार की शुरुआत हो जाती है जो की दिवाली ,होली तक चलती है। इन सभी तीज त्यौहार को ध्यान में रखते हुए सनातन धर्म को बचाने हेतु आज हमें आगे आकर हमारे धर्म की रक्षा का कार्य करना पड़ेगा इसी।

संदर्भ में सभी सनातनियों से हमारा निवेदन है कि आप लोग आने वाले तीज त्योहारों में शहर में पोस्टर बैनर आदि लगाते हैं।उन पर कृपया भगवान के चित्र न लगे क्योंकि अक्सर देखा जाता है की शाही सवारी हो या शाही पालकी या जन्माष्टमी हो भगवान पशुपतिनाथ अन्य भगवान के फोटो फ्लेक्स में लगाए जाते हैं और नगर पालिका प्रशासन द्वारा उतार कर उन्हें कूड़ा दान में फेंक दिया जाता है वहीं कई लोग अपनी चाय की टपरी पर या अंडे की दुकान पर या कई अन्यत्र उसकी छाया बनाकर पोस्ट को लगा लेते हैं जिससे हिंदू समाज में आक्रोश भी होता है और उसका विरोध भी करते हैं लेकिन मेरा हमारा सभी सनातनी धर्मियों से निवेदन है कि उक्त पोस्ट पर भगवान के फोटो एवं चित्र न लगाकर केवल नाम लिख दें एवं अपने स्वयं के फोटो या अपने नेताओं के फोटो लगाई और भगवान के फोटो लगाने से बचे और सनातन धर्म की रक्षा करने का कार्य करें। यादव समाज अध्यक्ष अनिल मसानिया पूर्व पार्षद सुरेश भावसार सामाजिक कार्यकर्ता पिंटू शर्मा ने यह सभी से आव्हान किया है।

## जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की जिला स्तरीय तिमाही बैठक आयोजित होगी

**मंदसौर, 12 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी श्री संजय दीक्षित द्वारा बताया गया की कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की तिमाही बैठक जुलाई 2025 के अंतिम सप्ताह या अगस्त 2025 के प्रथम सप्ताह में आयोजित होगी।

सभी पूर्व सैनिकों, वीरनारियों, विधवाओं और आश्रितों से सैनिक सम्मेलन के लिए एजेंडा, पॉइंट, सुझाव, समस्याएँ ( जो कलेक्टर के स्तर पर समाधान होने लायक हो ) को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय मंदसौर में 20 जुलाई 2025 तक लिखित में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर, पोस्ट द्वारा या ई-मेल करके पहुंचा सकते है ताकि निराकरण हेतु उन्हे जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की तिमाही बैठक की कार्यवाही मेंसम्मिलित किया जा सके।

# शिक्षक भर्ती 2018 को पूर्ण कराने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भोपाल में प्रदर्शन

**मंदसौर, 12 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** स्थाई शिक्षक भर्ती 2018 को तीसरी काउंसलिंग के साथ पूर्ण कराने की मांगों को लेकर मंदसौर सहित प्रदेश के कई शहरों से सैकड़ों की संख्या में चयनित अभ्यर्थियों ने भोपाल पहुंचकर स्कूल शिक्षा विभाग के लोक शिक्षण संचालनालय कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सैकड़ों अभ्यर्थियों ने भोपाल में एकत्र होकर अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की और शांतिपूर्वक तरीके से दर्शन करते हुए आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय सहित शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन पत्र सौंपा है। अपनी निर्धारित आयु सीमा को पार कर रहे इन अभ्यर्थियों का कहना है कि सात साल बीत जाने के बावजूद 2018 की शिक्षक भर्ती प्रक्रिया अधूरी है,आज भी हजारों चयनित उम्मीदवार नियुक्ति पत्र का इंतजार कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग है कि उच्च माध्यमिक शिक्षक के 5,935 और माध्यमिक शिक्षक के 2,237 रिक्त पदों पर तीसरी काउंसलिंग आयोजित की जाए ताकि शेष पदों पर चयन सूची जारी हो और नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएं। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि विभाग की उदासीनता के कारण कई उम्मीदवार ओवरएज हो चुके हैं,जिससे उनका भविष्य अधर में लटक गया है। मंदसौर निवासी पात्रता परीक्षा संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल रविदास नारी सहित दिनेश बामनिया घनश्याम अमराज्या, नीतीश यादव व अन्य अभ्यर्थियों ने बताया कि 'हमने वर्षों र्तक मेहनत की और परीक्षा पास की, मेरिट में आएं लेकिन सरकार और शिक्षा विभाग की लापरवाही के कारण हमें नियुक्तियां नहीं मिल रही। हमारी मांग है कि तत्काल तीसरी काउंसलिंग कर भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाए।' उन्होंने यह भी मांग की कि सरकार रिक्त पदों की संख्या में वृद्धि करे ताकि अधिक से अधिक योग्य प्रतिभावान अभ्यर्थियों को अवसर मिल सके। शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया को लेकर विभाग प्रयासरत है और जल्द ही कोई सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। लेकिन अभ्यर्थियों ने साफ कर दिया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं तब तक वह अपना आंदोलन निरंतर जारी रखेंगे।



# बच्चों को अच्छी शिक्षा देने वाला गुरु पूज्यनीय होता है-आचार्य रामानुज जी

**मंदसौर, 12 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** गुरु के बगैर व्यक्ति का जीवन अधूरा है। व्यक्ति को अपने जीवन में गुरु जरूर बनना चाहिए। गुरु की महिमा अपरंपार रहती है। बचपन मे बच्चो के गुरु माता-पिता रहते हैं और विद्या अध्ययन के दौरान शिक्षक आपके गुरु होते हैं जिन्होंने अपने माता पिता और गुरुजन के बताए मार्ग पर कदम रखा वह जीवन मे कभी भी किसी भी क्षेत्र में पीछे नही रह सकते हैं।



उक्त विचार गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में साबाखेड़ा फंटे पर प्लेवना रोड पर स्थित आवासीय विद्यालय माधव एकेडमी में गुरु वंदन कार्यक्रम में आचार्य श्री रामानुज जी महाराज ने व्यक्त किये। आचार्य श्री ने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा देने वाला गुरु जीवन भर पूज्यनिय होता है। बच्चे बड़े होकर किसी बडे स्थान या पद पर भी पहुंच जाते हैं और यदि उन्हें अचानक कही उनके बचपन के शिक्षक दिख जाते हैं तो वह शिष्य उस गुरु के चरण वन्दन जरूर करे। यही हमारी भारतीय संस्कृति है। आचार्य श्री ने कहा कि विद्यालय का संचालन किया और आवासीय विद्यालय के रूप में बच्चों को जो शिक्षा दी जा रही हैं यह एक प्रकार से गुरुकुल पद्धति है और इस गुरुकुल पध्दति की शिक्षा प्राप्त शिष्य जीवन में हमेशा हर क्षेत्र में अग्रणी रहेगा। संचालक बालाराम गुप्ता ने आचार्य श्री का जीवन परिचय देते हुए विद्यालय की जानकारी दी। आचार्य श्री का स्कूल परिवार की ओर से शाल ओढाकर श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। आचार्य श्री ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया। बचो ओर विद्यालय परिवार ने आचार्य श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उपस्थित हरिकथा आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण छापरवाल, वरिष्ठ पत्रकार अशोक झलोया, सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र चास्टा का स्वागत स्कूल संचालक बालाराम गुप्ता, एवं अंकित गुप्ता ने किया।

# दो-दो अतिरिक्त कक्षों के निर्माण के लिए दो-दो करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**नीमच, 12 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश की महिला एंव बाल विकास मंत्री तथा जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने बताया कि,लोक निर्माण विभाग म.प्र.शासन द्वारा नीमच जिले में सिंगोली, रतनगढ एवं जावद के डाक बंगले में दो-दो अतिरिक्तन कक्ष निर्माण के लिए प्रत्येोक के लिए 199 लाख रूपये की प्रशासकीयस्वीबकति प्रदान की गई है। प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने डाक बंगले में दो-दो अतिरिक्तन कक्षों के निर्माण की प्रशासकीय स्वीतकृति मिलने पर मुख्यंमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह का आभार व्यक्तम किया है।

